## खास-खबरें

### नेशनल कमिश्नर कोर्स में सोनी ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में बीते दिनों पांच दिवसीय एडवांस कमिश्नर कोर्स आयोजित किया गया। संभागीय आयुक्त स्काउट डॉ सुरेश पाठक ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय स्तर के कोर्स में मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उज्जैन संभाग अंतर्गत शाजापुर जिले से एडवांस कमिश्नर कोर्स में शाजापुर गौरव सोनी ने भाग लेकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इसके पूर्व वर्ष 2024 में भी सोनी बेसिक कमिश्नर कोर्स में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सोनी की इस उपलब्धि पर जिला संघ पदाधिकारी तथा जिला मुख्यायुक्त डॉ विवेक दुबे, राजेन्द्र सिंह शिप्रे, जिला आयुक्त स्काउट शाजापुर डॉ रजनीश त्रिवेदी, विख आयुक्त सहित ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पोषण संजीवनी अभियानः 30 बच्चों को वितरित किए गए पोषण किट



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कुपोषण के विरूद्ध जारी पोषण संजीवनी अभियान के अंतर्गत आज विदिशा नगर स्थित न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर में एक विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें में अदानी फाउंडेशन के सहयोग से उपचाररत एवं कुपोषण से प्रभावित 30 बच्चों को पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को भी संतुलित आहार, स्वच्छता, स्तनपान, पूरक आहार तथा बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जाँच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए केवल उपचार ही नहीं, बल्कि परिवार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है।

### श्री नृसिंह मंदिर परिसर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण के साथ संरक्षण का संकल्प



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** हर साल की तरह इस साल भी शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण के साथ ही संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती नमिता अखिलेश राय ने कहाकि मंदिर परिसर में 100 से अधिक पौधों का रोपण आगामी एक माह के अंदर किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर के संत माधवदास महाराज ने कहाकि मंदिर परिवार हर साल एक अभियान करता आ रहा है। पौधे लगाएं, वृक्ष लगाएं का सकारात्मक असर दिखाई देने लगा है। क्षेत्रवासी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहाकि केवल पौधे रोपे बल्कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए पौधों की सुरक्षा व पालीथिन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। हमारी जवाबदारी सिर्फ पौधे लगाने तक नहीं होना चाहिए। उन्हें पेड़ बनाना भी आवश्यक है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता नारायणसिंह राजपूत का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**शाजापुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शाजापुर ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष, ग्राम छापीहेड़ा निवासी नारायणसिंह राजपूत 55 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर फैल गई। गुरुवार को ग्राम छापीहेड़ा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा एवं अंतिम संस्कार में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए इसे क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया। स्वर्गीय नारायणसिंह राजपूत लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे। उन्होंने दो बार शाजापुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शाजापुर जिला अस्पताल में ऑक्सीजन गैस का रिसाव, मची अफरा-तफरी





**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** शाजापुर जिला अस्पताल परिसर में गुरुवार शाम ऑक्सीजन गैस रिसाव की घटना से हड़कंप मच गया। ऑक्सीजन प्लांट में गैस भरने के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आने से तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों, परिजनों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार शाम करीब 4 बजे ऑक्सीजन टैंकर से प्लांट में गैस ट्रांसफर की जा रही थी। इसी दौरान अचानक पाइप लाइन या कनेक्शन में तकनीकी समस्या आने से गैस तेजी से बाहर निकलने लगी। तेज आवाज सुनकर अस्पताल परिसर में मौजूद लोग घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गैस रिसाव की जानकारी मिलते ही टैंकर चालक ने तत्परता दिखाई और तुरंत तकनीकी उपाय कर स्थिति को नियंत्रित किया। कुछ ही देर में रिसाव पूरी तरह बंद कर दिया गया।

गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा और कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। गैस रिसाव के दौरान कुछ समय के लिए पूरे अस्पताल परिसर में गैस फैल गई थी, जिससे वहां मौजूद लोगों में भय का माहौल बना रहा, हालांकि समय रहते कार्रवाई होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

# सभी पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ : मालवीय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना और मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा की।



बैठक में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अधिक से अधिक शिविर आयोजित करने, ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, योजनाओं के लक्ष्य बढ़ाने, छोटे एवं व्यवहारिक प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंध में सुझाव दिए।

अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि गांव और वार्ड स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा पात्र युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में उद्योग क्षेत्र के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तथा सेवा एवं व्यवसाय इकाइयों के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। बैंक द्वारा वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जाता है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र आवेदक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री उद्यम योजना के लिए 40 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए, जिनमें से 10 प्रकरण स्वीकृत तथा 9 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के अंतर्गत छोटे स्वरोजगार कार्यों के लिए 10 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में बैंक ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक उपलब्ध कराया जाता है।

योजना का लाभ 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे व्यक्तियों को दिया जाता है जो आयकरदाता नहीं हैं। वर्ष 2026-27 में स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 225 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 5 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 2 प्रकरण स्वीकृत एवं 2 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, इछावर जनपद अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल, आष्टा जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, पिछड़ा वर्ग विभाग की सहायक संचालक दिव्या राय सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 505 गर्भवती महिलाओं की हुई जाँच



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में जिले के विभिन्न शासकीय चिकित्सालयों में गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जाँच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया गया।

सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिलेभर में लगभग 505 गर्भवती महिलाओं की स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य जाँच की गई। इस दौरान महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन स्तर, गर्भावस्था की प्रगति तथा संभावित जटिलताओं का परीक्षण किया गया। जाँच के आधार पर आवश्यक दवाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान 170 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष रूप से पहचान कर उनकी गहन जाँच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाई रिस्क गर्भावस्था को गंभीरता से लेते हुए ऐसी महिलाओं की सतत निगरानी और समयबद्ध उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों को कम किया जा सके।

अभियान के अंतर्गत चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को 30 एफसीएम एवं 4 आयरन सुक्रोस लगाए गए, इसके साथ ही महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, संस्थागत प्रसव और नवजात शिशु की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

### ग्राम राजोदा में स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी सेवाओं का संयुक्त निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने ग्राम राजोदा में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों के घर पहुंचकर नवजात शिशुओं की गृह आधारित देखभाल (एचबीएनसी), तीन से 15 माह तक के बच्चों की देखभाल (एचबीवाईसी) तथा गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली।

अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमास में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए तथा प्रसव पूर्व आवश्यक जांचें समय पर सुनिश्चित की जाएं। साथ ही गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषण संबंधी परामर्श देने और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष चिकित्सकीय निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

### प्रशांत और भारती हरियाणा में करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**गंजबासौदा।** नगर के लिए गर्व की बात है कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के दो स्वयंसेवकों का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में प्रशांत साहू (कक्षा 12वीं कला) एवं भारती यादव (कक्षा 12वीं गणित) शामिल हैं। राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 24 से 30 जून 2026 तक महेंद्रगढ़ (हरियाणा) में किया जा रहा है। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवा प्रतिभागी भाग लेकर सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और नेतृत्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, एनएसएस बालक इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा तथा बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारतीय पंथी ने दोनों विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने इसे संस्थान और नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि दोनों विद्यार्थी शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### ब्रेन हेमरेज पीड़ित बुजुर्ग को एयर एंबुलेंस से पहुंचाया नागपुर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** नर्मदापुरम जिले के ग्राम रसूलिया निवासी ब्रेन हेमरेज से पीड़ित 83 वर्षीय बुजुर्ग राम गोपाल टोकसे को तत्काल उच्च स्तरीय उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से उन्हें नागपुर पहुंचाने की व्यवस्था की गई।




नर्मदापुरम जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार सुबह सीहोर जिला प्रशासन से बुधनी के ट्रायटेंड स्थित हेलीपैड पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। इस सूचना पर सीहोर कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमला तत्काल सक्रिय हो गया और मरीज के सुरक्षित आवागमन से लेकर हेलीपैड पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर की गईं।

बुधनी तहसीलदार ललित सोनी ने बताया कि प्रशासन द्वारा मरीज को नर्मदापुरम से बुधनी हेलीपैड तक सुगमता से पहुंचाने तथा हेलीपैड पर एयर एम्बुलेंस के संचालन के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वय स्थापित कर पूरी प्रक्रिया को त्वरित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। सुबह लगभग 11 बजे राम गोपाल टोकसे को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस के माध्यम से नागपुर के लिए रवाना किया गया, जहां उनका विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा, गंभीर रूप से बीमार और दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए चलाई जा रही है। राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर उपचार की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मई 2024 से प्रदेश में 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' प्रारंभ की गई, जो आज गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटना प्रभावित एवं आपदा पीड़ित मरीजों के लिए जीवन रक्षक पहल के रूप में कार्य कर रही है।

# गोपालपुर पुलिस ने 850 ग्राम गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**भैरूंदा/गोपालपुर।** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गोपालपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 850 ग्राम अवैध गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 82 हजार रुपये बताई गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत एवं एसडीओपी भैरूंदा रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना गोपालपुर पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई की। इस दौरान दीपक यादव पिता अनिल यादव एवं सागर यादव पिता गजानंद यादव, दोनों निवासी गोपालपुर को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 850 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपये है, बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 70 हजार रुपये) भी जब्त की गई। पुलिस ने कुल 82 हजार रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है। जांच के दौरान मामले में राहुल यादव निवासी अतरालिया की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। **सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह गौड़, उपनिरीक्षक लवेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक विजय यादव, रामशंकर पर्ते, प्रधान आरक्षक महेश विश्वकर्मा तथा आरक्षक विशाल सिंह तोमर, राजेश मीणा और विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीपीएससी में चयनित रानू का आज होगा स्वागत

**गंजबासौदा।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली ग्राम सिंगाखेड़ी निवासी रानू रघुवंशी का शुक्रवार को पहली बार गृह क्षेत्र आगमन होगा। उनके स्वागत एवं सम्मान के लिए रघुवंशी समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

स्वर्गीय वीर सिंह रघुवंशी एवं श्रीमती चंदा रघुवंशी की पुत्री रानू रघुवंशी दोपहर 12 बजे बिलासपुर एक्सप्रेस से गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। यहां समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। रेलवे स्टेशन से स्वागत यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों, जय स्तंभ चौक होते हुए बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला पहुंचेगी, जहां उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, युवा एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।

# बारिशः टीन शेड और पेड़ हुए धराशायी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** जिले में प्री मानसून की जोरदार बारिश ने जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई, वहीं दूसरी ओर शहर की चरमराई जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल कर रख दी। दोपहर के समय अचानक बदले मौसम के मिजाज और तेज गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। इस राहत की फुहारों ने तापमान में तो गिरावट ला दी, लेकिन कई इलाकों में हुए जलभराव और आंधी के कारण हुए हादसों ने लोगों के लिए मुश्किलें भी खड़ी कर दीं। गुरूवार सुबह से ही आसमान में घने काले बादल डेरा डाले हुए थे और दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज हवाओं व बादलों की गर्जना के बीच बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब एक से दो घंटे तक जमकर बरसे बदरा ने शहर का मौसम पूरी तरह से सुहावना बना दिया। इसके बाद भी देर तक रुक-रुक कर रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं। इस बारिश के असर से अधिकतम तापमान में सीधे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से पारा 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था, जो इस बारिश के बाद लुढ़ककर 33 से 34 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून आने की संभावना है, परंतु तीन से चार दिन जिले में प्री मानसून की बारिश का दौर बना रह सकता है।





**हाईवे पर पानी जमा होने से हुई मुसीबतः** राहत भरी इस बारिश के साथ ही शहर की ड्रेनेज व्यवस्था की हकीकत भी सामने आ गई। शहरी हाईवे पर राधा पेट्रोल पंप के सामने भारी जलभराव होने से वाहन चालकों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। सड़क पर पानी भर जाने के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार पिछले वर्ष भी बारिश के दौरान हाईवे पर बिल्कुल ऐसी ही स्थिति बनी थी, इसके बावजूद इस वर्ष भी नगर पालिका ने जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की और पहली ही तेज बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।

**आंधी से हुए दो हादसेः** बारिश और तेज हवाओं के चलते शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर बड़े हादसे टल गए। जिला अस्पताल परिसर में मातृ एवं शिशु वार्ड के सामने लगा एक टीनशेड अचानक भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि घटना के वक्त शेड के नीचे खड़े चार-पांच लोग और पास ही काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए। इसके अलावा, हरायपुरा स्थित मंगलमूर्ति हनुमान मंदिर परिसर में एक बरसों पुराना पीपल का पेड़ भी धराशायी हो गया। यहां भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

मौसम विशेषज्ञ धनोतिया ने बताया कि फिलहाल रुक-रुक कर बारिश का यह दौर जारी रहने की संभावना है। जबकि एक जुलाई के बाद जिले में फिर से झमाझम बारिश के आसार हैं।